संसद सदस्यों ने चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 23 दिसंबर, 2020: केन्द्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री, श्री प्रहलाद जोशी तथा केन्द्रीय संसदीय कार्य, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम राज्य मंत्री, श्री अर्जुन राम मेघवाल के नेतृत्व में आज संसद सदस्यों ने पूर्व प्रधान मंत्री, चौधरी चरण सिंह की जयंती पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

संसद सदस्यों; पूर्व संसद सदस्यों तथा लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित चौधरी चरण सिंह के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने 23 दिसंबर, 1993 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में चौधरी चरण सिंह के चित्र का अनावरण किया था।